तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 14 मई 2026

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

2
गिधौरी सुशासन तिहार में 43 हितग्राही मौके पर हुए लाभान्वित



# सीतामणी से उरगा तक 197 करोड़ की लागत से बनेगी फोर लेन सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**अलग खबर**

जिले की यातायात व्यवस्था को सुधारने की दिशा पर नई सड़कों का निर्माण एवं पुरानी सड़कों का चौड़ीकरण के कार्य को स्वीकृति मिल गई है। जिसमें सीतामणी से लेकर उरगा तक जाने वाली सड़क का चौड़ीकरण प्रमुख रुप से शामिल है। डीएमएफ की 197 करोड़ की राशि से फोरलेन सड़क का निर्माण किया जाएगा। इससे कोरबा चांपा मार्ग को लगातार बढ़ रहे आवागमन के दबाव से परेशानी झेल रही जनता को निजात मिल सकेगी।

सड़कों का निर्माण और चौड़ीकरण जैसे योजनाओं को लेकर जिला प्रशासन स्तर पर प्रस्ताव तैयार कर शासन स्तर को भेजा जाता है। जहां से स्वीकृति के पश्चात सड़क निर्माण की प्रक्रिया शुरु की जाती है। शहर के अंदर और बाहरी हिस्से में सड़कों के निर्माण और चौड़ीकरण के कार्य शुरु हो चुके हैं। शहर के बाहर की ओर से जाने वाली सड़कों में दर्री ध्यानचंद चौक से परसाभाठा रिस्दा चौक होते हुए रिस्दी चौक तक सड़क निर्माण किया जा रहा है। परसाभाठा चौक तक सड़क चौड़ीकरण किया जा चुका है। रिस्दा चौक तक भी सड़क निर्माण हुआ है और बालको से मिलने वाली ⏭ शेष पेज 3 पर

## आवागमन में मिलेगी आम शहरवासियों को राहत

**खास बातें**

- स्ट्रीट लाइट की जाएगी व्यवस्थित, नहीं होगा जल भराव
- स्वीकृति के पश्चात सड़क निर्माण की प्रक्रिया शुरु की जाएगी



## बीते वर्ष हुआ था जलभराव

सीतामणी से उरगा तक जाने वाली सड़क में पिछले वर्ष भिलाई बाजार बस्ती के समीप बारिश में जल भराव होने से सड़क से आवागमन मुश्किल हो गया था। छोटे वाहन नहीं निकल पा रहे थे। मुख्य सड़क होने के बावजूद इस सड़क की मरम्मत और पानी निकासी को लेकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य नहीं होने के कारण सडक नहर का रुप ले चुकी थी। पीडब्ल्यूडी ने भी पानी निकासी की व्यवस्था नहीं की थी। यही कारण है कि बारिश के दिनों में यह सड़क जलभराव होने के कारण पूरी तरह जर्जर हो गई थी। मार्ग में अंधेरा और सड़क में जल भराव ने आम लोगों का आवागमन मुश्किल कर दिया था। फोर लेन सड़क की स्वीकृति मिलने से अब लगभग 10 किमी सड़क की तस्वीर बदलने जा रही है।

## शहर के अंदर की भी सड़क होगी चौड़ी

कोसाबाड़ी चौक से रिस्दी चौक तक जाने वाली सड़क चौड़ी करण निगम के द्वारा किया जाएगा। इसके लिए राशि जारी कर दी गई है। मेडिकल कॉलेज, पीजी कॉलेज सहित पुलिस लाईन, निर्मला सीबीएसई स्कूल, नागरिक आपूर्ति निगम का गोदाम सहित अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठान भी मुख्य सड़क में खुल चुके हैं इसमें ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों का आवागमन इसी सड़क से होता है, यातायात का दबाव बढ़ने के कारण सड़क का चौड़ीकरण किया जा रहा है। इसके पूर्व मेडिकल कॉलेज के समीप बारिश में होने वाले जल भराव के समस्या का निराकरण करने के लिए एक बड़े नाले का निर्माण किया जा रहा है। इस वर्ष की बारिश में मार्ग से गुजरने वाले लोगों को जलभराव का सामना करना नहीं पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### पीईटी प्रवेश परीक्षा आज, दो केन्द्रों में होगी

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित पी.ई.टी प्रवेश परीक्षा 14 मई को प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 1.15 तक जिले के 2 परीक्षा केन्द्रों में संपन्न होगी, जिसमें कुल 498 परीक्षार्थी शामिल होगें। परीक्षा के सफल संचालन हेतु व्यापम के निर्देशों के तहत सभी आर्जर, केन्द्राध्यक्ष एवं उड़नदस्ता दल को विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिए निर्देश जारी किया गया है। जारी निर्देश के अनुसार परीक्षा 10 बजे से अपरान्ह 1.15 तक आयोजित होगी। परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार 30 मिनट पूर्व 9.30 बजे बंद कर दिया जावेगा। परीक्षार्थी, परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व एवं पूलिस कर्मी परीक्षा प्रारंभ होने से 2.30 घंटा पूर्व अनिवार्य रूप से परीक्षा केन्द्र में पहुंचेगें ताकि सभी अभ्यर्थिओं का मेटल डिटेक्टर तथा फिस्किंग जांच किया जा सकें।

### सिंघाली एवं केराकछार में आज जनसमस्या निवारण शिविर

**कोरबा।** सुशासन तिहार अंतर्गत राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में आम जनता के समस्याओं के निराकरण करने, उन्हें शासकीय योजनाओं की जानकारी देने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किये जाने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न कलस्टर ग्रामों में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 14 मई को प्रातः 10 बजे से विकासखंड कटघोरा के ग्राम सिंघाली एवं कोरबा के ग्राम केराकछार, 15 मई को पोंड़ीउपरोड़ा के ग्राम सिरमिना में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित की जायेगी। इसी तरह, 16 मई को विकासखंड पाली के ग्राम रामाकछार, पोंड़ीउपरोड़ा के ग्राम लेपरा एवं कोरबा के ग्राम लेमरू और 19 मई को पोंड़ीउपरोड़ा के ग्राम लमना, पाली के ग्राम नगोई व कटघोरा के ग्राम डोंगरी में शिविर आयोजित होंगे।

### पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा 21 मई को

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा 21 मई को प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 1.15 तक जिले के 2 परीक्षा केन्द्रों में संपन्न होगी, जिसमें कुल 573 परीक्षार्थी शामिल होगें। परीक्षा के सफल संचालन हेतु व्यापम के निर्देशों के तहत सभी आब्जर्वर, केन्द्राध्यक्ष एवं उड़नदस्ता दल को विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया है। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थीओं के लिए निर्देश जारी किया गया है। परीक्षार्थियों के लिए विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार सुबह 9.30 बजे बंद कर दिया जाएगा। परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र में पहुंचना होगा, वहीं पुलिसकर्मी ढाई घंटे पूर्व अनिवार्य रूप से पहुंचेगे ताकि मेटल डिटेक्टर एवं फ्रिस्किंग जांच सुचारू रूप से की जा सके।

### मितानिनों को बीपी ऑक्सीमीटर का किया गया वितरण

**हरदीबाजार।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदीबाजार के अंतर्गत उपस्वास्थ्य केंद्रों के अधीनस्थ 80 मितानिनों को बीपी ऑक्सीमीटर का वितरण प्राथमिक स्वास्थ्य में किया गया है उक्त मांगों को क्षेत्रीय जनपद सदस्य सनिता अनिल टंडन के द्वारा एसईसीएल दीपका प्रबंधन से बीपी ऑक्सीमीटर मांग किया गया था जिसे क्षेत्र के सभी ग्रामवासियों को इसका लाभ मिल सके तथा मितानिनों के माध्यम से लोगों के स्वास्थ्य को उत्तम बनाया जा सके। इसके लिए बीपी ऑक्सीमीटर का वितरण किया गया। इस अवसर पर हरदीबाजार सरपंच लोकेश्वर कंवर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉ युद्धेश सांडे, डॉक्टर टिकेंद्र वर्मा, सुधा महंत, टी पात्रे सिस्टर, दिनेश जायसवाल, भुनेश्वर एवं समस्त मितानीन उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के कोसाबाड़ी स्थित आवासीय कालोनी का मामला

# विद्युत कंपनी के आवासीय मकानों से कब्जा खाली करने 693 लोगों को नोटिस जारी



सीएसईबी का मकान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्युत कंपनी के आवासीय कालोनी में कब्जा जमाए अवैध बेजाकब्जाधारियों के खिलाफ अब सिविल विभाग द्वारा विधिक नोटिस जारी किया जा रहा है। विभाग द्वारा लगभग 693 आवास में कब्जा जमाए गैर बिजली कर्मचारियों को मकान खाली करने के लिए नोटिस थमाया जा रहा है। जिसके तहत 15 दिनों के भीतर मकान खाली नहीं करने पर कानूनी कार्यवाही की चेतावनी दी गई है। विभाग द्वारा जारी नोटिस के बाद बेजाकब्जाधारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी द्वारा बिजली कर्मचारियों व उनके परिजनों के लिए कोसाबाड़ी में आवासीय कालोनी का निर्माण कराया गया है। पूर्व में विद्युत कंपनी के आवासीय कालोनी में केवल बिजली कर्मचारी ही निवास करते थे। इसके अलावा राज्य व केंद्रीय कर्मचारियों को भी आवश्यकता पड़ने पर आवास का आबंटन किया जाने लगा। धीरे धीरे कालोनी के मकानों में बाहरी लोगों ने भी कब्जा जमाना शुरु कर दिया। अब हालात यह हो गए हैं कि विद्युत कंपनी के आवासीय कालोनी स्थित मकानों में से लगभग 70 प्रतिशत मकानों में बाहरी लोगों ने कब्जा जमाया हुआ है। अधिकतर लोगों द्वारा खाली पड़े मकानों का ताला तोड़कर उसमें कब्जा कर लिया गया है। वहीं कुछ मकानों पर विद्युत कंपनी के अधिकारियों से ही सांठ गांठ कर बाहरी लोगों ने कब्जा किया हुआ है। विद्युत प्रबंधन कंपनी द्वारा कई बार बेजाकब्जाधारियों से मकान खाली कराने कोशिश की गई लेकिन कंपनी को सफलता नहीं मिली। विद्युत कंपनी के सिविल विभाग द्वारा अब ऐसे बेजाकब्जाधारियों से मकान खाली कराने वकील के जरिए नोटिस थमाया जा रहा है। लगभग 693 लोगो के खिलाफ नोटिस जारी किया गया है। जिसकी वजह से विद्युत कंपनी के विभागीय आवासों में कब्जा जमाने वाले बेजाकब्जाधारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

**खास बात**

- सिविल संभाग -2 के कार्यपालन अभियंता की तरफ से वकील ने जारी किया विधिक नोटिस

## जारी किया गया नोटिस

विद्युत कंपनी के आवासीय मकानों में अनाधिकृत रुप से कब्जा जमाने वाले बेजाकब्जाधारियों के खिलाफ विधिक नोटिस जारी किया गया है जिसके तहत उन्हें 15 दिनों के भीतर मकान खाली करने का निर्देश दिया गया है। तय समय पर मकान खाली नहीं करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

-चंचल कावड़े, जेई, सिविल संभाग-2

## बिजली कर्मचारी किराये पर चला रहे मकान

एक तरफ विद्युत कंपनी अपने आवासीय मकानों से बेजाकब्जा हटाने कवायद कर रही है वहीं दूसरी ओर बिजली कर्मचारी ही बेजाकब्जाधारियों को बढ़ावा देने में लगे हुए हैं। कई कर्मचारी तो ऐसे हैं जिन्होंने अपने नाम पर एक से अधिक मकान एलॉट करा लिया है और उन मकानों को किराये पर चढ़ा दिया है। बिजली कर्मचारी देवानंद बढ़ई एनडी में निवासरत हैं इसके अलावा उन्होंने ओई 39 एवं ओई 41 नंबर का मकान भी अपने नाम पर एलॉट कराया हुआ है। उक्त दोनों मकानों पर दूसरे व्यक्ति निवासरत हैं। सूत्रों की मानें तो देवानंद बढ़ई द्वारा उक्त दोनों मकानों को किराये पर दिया हुआ है। इसके पीछे वजह यह बताई जा रही है कि विद्युत कंपनी द्वारा ओई या सुपर एफ जैसे मकानों का महत 100 से 150 रुपए बतौर किराया लिया जाता है। वहीं बिजली कर्मचारी ऐसे मकानों को मोटे दर पर किराये पर चढ़ाकर पैसा वसूलते हैं। इसके अलावा कुछ कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त होने के बाद कागज पर मकान का हैंडओवर तो कर दिया पर अभी भी उन मकानों पर उनका कब्जा बरकरार है। कंपनी प्रबंधन को चाहिए कि एक से अधिक मकान एलॉट कराने वाले कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्यवाही करे और इनसे विभागीय दर की जगह बाहरी लोगों के हिसाब से मकान का किराया वसूल करे।

# एक युवक ने फांसी लगाकर बनाया वीडियो दूसरे ने जहर खाकर कर ली खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में दो अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों ने आत्महत्या कर ली है। जहां एक युवक ने फांसी लगाकर अपने ही मोबाइल से वीडियो बनाया है तो वहीं दूसरी ओर एक दूसरे युवक ने जहर खाकर मौत को गले लगा लिया है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। दोनों ही युवकों ने किन कारणों के चलते आत्मघाती कदम उठाया है स्पष्ट नहीं हो पाया है।

**खास बात**

- पहली घटना सीएसईबी चौकी क्षेत्र के 15 ब्लाक बस्ती की है तो दूसरी घटना करतला थाना अन्तर्गत ग्राम बताती की है

पहली घटना सीएसईबी चौकी क्षेत्र के 15 ब्लॉक बस्ती की है यहां निवासरत मनीष चंद्रा 27 वर्ष पिता कुशल प्रसाद चंद्रा, स्वर्ण आभूषण गिरवी रखने वाली एक निजी कंपनी में रिकवरी का काम करता था। बताया जाता है कि मनीष चंद्रा ने अपने ही घर में कमरे में फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया है। जब घटना की सूचना पुलिस को मिली तो सीएसईबी पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची थी। जहां पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। हालांकि पुलिस को घटना स्थल से किसी तरह का कोई भी सुसाइड नोट या अन्य कोई सामान नहीं मिला है। लेकिन पुलिस ने मृतक मनीष का जो मोबाइल जप्त किया है उसमें उसने आत्महत्या करने से पहले अपना वीडियो जरूर बनाया है। पुलिस ने मनीष के मोबाइल को जप्त कर लिया है। फिलहाल उसने क्यों और किस लिए आत्महत्या की है, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। प्रथम दृष्टया मामले को प्रेम प्रसंग से जोड़कर देखा जा रहा है। पुलिस का कहना है जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट हो पाएगा। दूसरी घटना करतला थाना क्षेत्र के ग्राम बताती की है। यहां निवासरत दीपक तंवर 25 वर्ष पिता दयाराम ने अज्ञात कारणों के चलते 11 मई को घर में रखे किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था। जब परिजनों को पता चला तो उन्होंने दीपक तंवर को उपचार के लिए करतला के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया था। जहां उसकी स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां दो दिनों तक उपचार चलने के बाद बुधवार की सुबह दीपक तंवर की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई करते हुए शव को परिजनों के सुपूर्द कर दिया है।

# तीर्थयात्रियों का दल श्रीरामलला दर्शन हेतु अयोध्याधाम रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय व एम.आई.सी. सदस्य हितानंद अग्रवाल ने पार्षदगणों की उपस्थिति में श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत 35 तीर्थयात्रियों के दल को पवित्र अयोध्याधाम के लिए निगम कार्यालय साकेत भवन से रवाना किया। उन्होने तीर्थयात्री बस को हरी झण्डी दिखाई एवं तीर्थयात्रियों को तिलक लगाकर व पुष्पमाला पहनाकर उन्हें अपनी शुभकामना व बधाईयां दी।

छत्तीसगढ़ सरकार की महती योजना श्रीरामलला दर्शन योजना के अंतर्गत प्रदेश के नागरिकों को पवित्र अयोध्याधाम ले जाकर भगवान श्रीरामलला जी के दर्शन प्रतिमाह कराए जा रहे हैं, जिसका सम्पूर्ण व्यय शासन द्वारा वहन किया जाता है। इसी कड़ी में इस माह भी कोरबा से 35 तीर्थयात्रियों का दल श्रीरामलला दर्शन हेतु अयोध्याधाम के लिए रवाना हुआ, यह दल बस के माध्यम से बिलासपुर के उस्लापुर रेलवे स्टेशन पहुंचा, वहां से विशेष ट्रेन द्वारा तीर्थयात्री अयोध्याधाम पहुंचकर श्रीरामलला जी के दर्शन का पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे। साकेत भवन में बुधवार को प्रातः 8 बजे आयुक्त आशुतोष पाण्डेय व एम.आई.सी. सदस्य हितानंद अग्रवाल ने हरी झण्डी दिखाकर दल को रवाना किया, इस मौके पर उन्होने कहा कि यह सौभाग्य का विषय है कि प्रभु श्रीरामलला के दर्शन हेतु जा ⏭ शेष पेज 3 पर



झंडा दिखाकर तीर्थ यात्रियों को रवाना करते निगम आयुक्त।

# जंगल में पेड़ से लटका मिला नर कंकाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रजगामार क्षेत्र में एक पेड़ से लटका नर कंकाल मिला है। इसकी पहचान दरगा निवासी मान सिंह (45 वर्ष) के रूप में की गयी है। जो मार्च माह से लापता था। परिजनों ने मौके पर मिले कपड़ों और सामान के आधार पर उनकी शिनाख्त की।

ग्रामीणों ने सुआपहाड़ जंगल में बुधवार को नर कंकाल लटका देखा और तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। रजगामार चौकी प्रभारी विनोद सिंह दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। यह कंकाल पहाड़ पर लगभग 25 किलोमीटर ऊपर घने जंगल में मिला है। परिजनों ने बताया कि मान सिंह खेती-किसानी का काम करता था और होली के बाद से अचानक लापता हो गए था। परिवार ने रिश्तेदारों और आसपास के गांवों में उनकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिजनों ने रजगामार चौकी में उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने कंकाल को पेड़ से नीचे उतरवाकर पंचनामा की कार्यवाही की। फॉरेंसिक टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया है। चौकी प्रभारी विनोद सिंह ने बताया की मौत कब, कैसे और किन परिस्थितियों में हुई, यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विस्तृत जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है और जंगल से मिले अन्य साक्ष्यों को भी जब्त किया है।

**खास बात**

- मार्च से लापता मानसिंह के रूप में की गई पहचान, पुसिस की जांच जारी

### अल सुबह उठकर हजारों की संख्या में ग्रामीण पहुंच रहे हैं जंगल, कर रहे संग्रहण

# मौसम की मार के बाद भी कोरबा में 65 तो कटघोरा में 51 फीसदी तेंदूपत्ते का संग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लगातार मौसम के बदलते तेवर के बीच इस बार दोनों वन मंडल में तेंदूपत्ता का संग्रहण शुरू हो गया है। पिछले कुछ दिनों से लगातार मौसम साथ भी दे रहा था। जिसके चलते जंगल में बसने वाले आदिवासी परिवारों द्वारा प्रतिदिन सुबह से ही तेंदूपत्ता का संग्रहण जोर शोर से किया जा रहा है जिसका नतीजा सामने आने लगा है। अब तक कोरबा वनमंडल में 65 प्रतिशत, कटघोरा वन मंडल में 51 फ़ीसदी तेंदू पत्ता का संग्रहण हो चुका है। आने वाले दिनों में उम्मीद जताई जा रही है कि दोनों वन मंडल द्वारा लक्ष्य को पूरा कर लिया जाएगा।

उल्लेखनीय की वर्ष 2026 के लिए कोरबा वन मंडल को 53 हजार 800 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण करने का लक्ष्य दिया गया है। जबकि कटघोरा वन मंडल को 76 हजार 300 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण करने का लक्ष्य दिया गया है। मई के शुरुआती दिनों में लगातार मौसम के बदलते तेवर, आंधी बारिश की वजह से तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य विलंब से शुरू हो पाया था। किसी तरह तेंदूपत्ता का संग्रहण कार्य दोनों ही अनमंडल में तो शुरू हो गया है लेकिन इस बार काम बहुत पीछे चल रहा है। बताया जाता है कि पिछले कई दिनों से मौसम बेहतर बना हुआ है जिसके चलते वनांचल क्षेत्र में बसने वाले हजारों की संख्या में आदिवासी परिवार अल सुबह से ही उठकर जंगलों में पहुंच रहे हैं और बड़े पैमाने पर तेंदूपत्ता का संग्रहण कर गड्डियों को खेतों में इकट्ठा करने का काम कर रहे हैं। प्रतिदिन जोर शोर से जंगल में काम चल रहा है। मौजूदा स्थिति में कोरबा वन मंडल में 53800 मानक बोरा के एवज में अब तक 35287 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण कर लिया गया है, जो कुल संग्रहण का 65 प्रतिशत है। जबकि कटघोरा वनमंडल में 76 हजार 300 मानक बोरा के एवज में 39389 मानक बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण पूरा कर लिया गया है जो कुल संग्रहण का 51 प्रतिशत है। दोनों में वन मंडल में आधे से अधिक तेंदूपत्ता का संगठन कर लिया गया है। वन विभाग के अधिकारियों की मानें तो इसी तरह तेंदूपत्ता संगहण कार्य चला तो संग्रहण लक्ष्य को हासिल करने की उम्मीद है।



तेंदू पत्ता संग्रहण करते ग्रामीण।

## ठेकेदारों का बढ़ रहा टेंशन

मई के महीने में कड़ाके की धूप होती है और जंगल में बसने वाले आदिवासी परिवारों द्वारा सुबह से ही तेंदूपत्ता संग्रहण किया जा रहा है। लेकिन एक बार फिर से बुधवार की शाम जिले का मौसम अचानक बिगड़ गया और तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश हुई। जिससे फिर से तेंदूपत्ता खराब होने की संभावना जताई जा रही है। लगातार बदलते मौसम की वजह से तेंदूपत्ता ठेकेदारों की टेंशन लगातार बढ़ती ही जा रही है।

**खबर संक्षेप**

## नकाबपोश हथियारबंद बाइक सवारों ने ऑटो चालक से लूटा मोबाइल



अंबिकापुर। अंबिकापुर-प्रतापपुर मार्ग पर स्थित कल्याणपुर जंगल में एक बार फिर से अपराधी तत्वों की सक्रियता बढ़ गई है। बीती रात नकाबपोश हथियारबंद बाइक सवारों ने जंगल में जमकर उत्पात मचाया हाथ पिस्टल दिखाकर एक ऑटो चालक का मोबाइल लूट लिया। इस दौरान बैक सवारों ने अन्य वाहन चालकों को भी लूटने की कोशिश की। अंबिकापुर-प्रतापपुर मार्ग कल्यानपुर जंगल के बीच से गुजरता है। लगभग एक दशक से मार्ग पूरी तरह से शांत था तथा अपराधिक गतिविधियां बंद हो गई थी। एक दशक पूर्व यदा कदा वाहन चालकों को रोककर लूट पाट करते थे तथा ट्रक चालकों को रोककर पैसे वसूलते थे। लम्बे अर्से बाद बीती रात नकाबपोश बाइक सवारों ने एक ऑटो चालक को पिस्टल दिखाकर उसका मोबाइल लूट लिया। पीड़ति ऑटो चालक धर्मेन्द्र यादव ने बताया कि वह मंगलवार को अंबिकापुर में वैवाहिक कार्यक्रम में आया था तथा काम निपटाकर मध्य रात्रि में वापस ऑटो से लौट रहा था। रात्रि 12.40 बजे वह जसे ही कल्याणपुर जंगल में पहुंचा 6 बैक में सवार 11-12 की संख्या में मौजूद नकाबपोश युवकों ने उसे घेर लिया तथा पिस्टल दिखाकर पैसे की मांग करने लगे। ऑटो चालक द्वारा पास में पैसे नहीं होने का हवाला देने पर युवकों ने मोबाइल लूट लिया। इस दौरान नकाबपोश युवक गोली मारने की भी धमकी दे रहे थे लेकिन दूसरे नकाबपोश युवक द्वारा पास में मौजूद मोबाइल फोन देने की सलाह देने पर उसे छोड़कर आगे चले गए। इस दौरान वैवाहिक समारोह से लौट रहे ग्राम धरमपुर निवासी सुरेन्द्र प्रसाद जायसवाल को भी लूटने की कोशिश की गई। नकाबपोश युवकों को देखकर कार चालक ने जैसे ही रफ्तार कम की युवकों ने चालक पर पिस्तौल तान दी। इस दौरान चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए कार की रफ़्तार बढ़ा दी तथा सुरक्षित आगे निकल गया। कार के आगे निकलने पर आरोपी फरार हो गए।

## दुकान लगाने को लेकर दो पक्षों ने जमकर मचाया उत्पात, एक दूसरे पर बरसाए डंडे



अंबिकापुर। शहर में अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे है। आलम यह है कि शहर के बीच चौक पर लोग लाठी डंडा लेकर उत्पात मचा रहे है और इसकी सूचना पुलिस को नहीं मिल पा रही है। ऐसा ही कुछ मामला बुधवार को शहर के बीच देखने को मिला। कलेक्टर कार्यालय और जिला सत्र न्यायालय के बीच ठेला गुमटी लगाने को लेकर दो पक्षों ने एक दूसरे पर जमकर लाठी डंडे बरसाए। इस दौरान आम लोगों में दहशत का माहौल बना रहा। मारपीट का वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज किया गया है। बता दें कि शहर के जिला कलेक्टर कार्यालय और जिला सत्र न्यायालय के बीच बड़ी संख्या में ठेला गुमटी का संचालन किया जाता है। लोग ठेला गुमटी के साथ ही जमीन पर बैठकर फल सब्जी व अन्य सामान बेचते है। हालांकि यह नो वेंडिंग जोन है जहां इस तरह से दुकान लगना मना है इसके बाद भी बाहर से आए लोग ठेला गुमटी लगा रहे है लेकिन अब इस क्षेत्र में दुकान लगाने वालों की संख्या बढती जा रही है और आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। ट्रैफिक सिग्नल के ठीक बगल में इस तरह से दुकान लगाने से पहले ही दुर्घटना की सम्भावना बनी रहती है और अब दुकान लगाने को लेकर लोग गुंडागर्दी पर उतर आए है। बुधवार को भी फल दुकान लगाने को लेकर दो गुटों में जमकर विवाद हुआ। दोनों पक्षों की ओर से जमकर लाठी डंडे बरसाए गए। लोगों ने एक दूसरे को दौड़ा दौडाकर पीटा। इस दौरान क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित हो गया।

### जिला प्रशासन व निगम के द्वारा निगम के कोसाबाड़ी जोन कार्यालय में लगाया गया तीसरा शिविर

# जन-जन तक पहुंचने की शासन की महत्वपूर्ण योजना है सुशासन तिहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश में आयोजित हो रहे सुशासन तिहार का यह आयोजन जन-जन तक पहुंचने एवं उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करने की शासन की अतिमहत्वपूर्ण योजना है। आमनागरिक इन शिविरों में पहुंचकर अपनी शिकायतों व समस्याओं को रखें तथा उनका त्वरित समाधान पाते हुये शासन की इस जनहितैषी योजना का लाभ उठायें।

उक्त बातें निगम के सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने सुशासन तिहार शिविर को संबोधित करते हुये कही। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ कोरबा जिले एवं नगर निगम क्षेत्र में भी सुशासन तिहार मनाया जा रहा है तथा इसके अंतर्गत शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। निगम क्षेत्र में पहला शिविर विगत 7 मई को कोरबा जोन कार्यालय में एवं दूसरा शिविर 11 मई को टी.पी.नगर जोन कार्यालय में आयोजित हुआ था, वहीं इस कड़ी में निगम के कोसाबाड़ी जोन कार्यालय परिसर में सुशासन तिहार शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि के रूप में सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने कहा कि हम सबने यह देखा है कि विगत एक, सवा एक वर्ष के दौरान नगर निगम कोरबा ने अनेकों उपलब्धियां अर्जित की हैं, यह सब निश्चित रूप से ट्रिपल इंजन सरकार के कारण संभव हुआ है, महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय अच्छा कार्य कर रहे हैं। उन्होने कहा कि नगर निगम अपने मूलभूत दायित्वों से आगे बढ़कर खेलकूद, विरासत संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण तथा शहर के सर्वांगीण विकास पर व्यापक रूप से कार्य कर रहा है, परिणाम स्वरूप प्रदेश में कोरबा की विशिष्ट पहचान बनी है।



सुशासन तिहार में उपस्थित अतिथिगण एवं अन्य।

**सुशासन तिहार जनशिकायतें दूर करने का सशक्त माध्यम**

पार्षद नरेन्द्र देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश में आयोजित किये जा रहे सुशासन तिहार शिविर जनसमस्याओं व शिकायतों को तत्काल दूर करने का सशक्त माध्यम बन रहे हैं, इन शिविरों में आमजन की शिकायतों का त्वरित निदान हो रहा है। उन्होने आगे कहा कि उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अगुवाई में कोरबा का तेजी से विकास हो रहा है, ऊर्जावान आयुक्त आशुतोष पाण्डेय अपनी सम्पूर्ण ऊर्जा के साथ कोरबा के विकास के लिये लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होने कहा कि 36 करोड़ रूपये की लागत से कोरबा में पेयजल व्यवस्था का विस्तार होने जा रहा है, तो वहीं निगम क्षेत्र के हर वार्ड में करोड़ों के विकास कार्य किये जा रहे हैं।

**समस्यामुक्ति केन्द्र बन रहे हैं सुशासन तिहार शिविर**

मेयर इन काउंसिल सदस्य हितानंद अग्रवाल ने कहा कि सुशासन तिहार शिविर निश्चित रूप से समस्यामुक्ति केन्द्र का स्वरूप धारण कर रहे हैं, यहां पर जो भी शिकायतें या समस्याएं रखी जाती है, उनका तत्काल समाधान हो रहा है। उन्होने कहा कि अभी तक निगम क्षेत्र में 3 शिविर हो चुके हैं, विगत वर्ष की अपेक्षाकृत इस वर्ष शिकायतों व समस्याओं के बहुत कम आवेदन शिविरों में प्राप्त हो रहे हैं, जो इस बात का प्रमाण है कि महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के द्वारा विगत एक वर्ष में जनसमस्याओं के निराकरण हेतु व्यापक कार्य किये गये हैं।

# चोंढ़ा में जनसमस्या निवारण शिविर आवेदनों पर त्वरित हुआ निराकरण



किसान को पंप का वितरण करते विधायक एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

पाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम चोढ़ा में आयोजित सुशासन तिहार जन समस्या निवारण शिविर में मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल शामिल होकर क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अवगत कराते हुए त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। शिविर में लगभग 566 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से आधे से अधिक आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाते हुए सोलर पंप, राशन कार्ड एवं वन अधिकार पुस्तिका का वितरण भी किया गया। प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक सरल, पारदर्शी और प्रभावी तरीके से पहुंचे। सुशासन तिहार इसी संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जहां प्रशासन सीधे गांवों तक पहुंचकर जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कर रहा है। इस अवसर पर पाली जनपद अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा शोभा सिंह जगत,जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल,किसान मोर्चा के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी दुष्यंत शर्मा,सरपंच सुनीता अम्बिका करपे,मंडल अध्यक्ष कृष्ण पटेल,महामंत्री नवरतन सिंह राजपूत,कार्तिक राम सरूते,हीरा लाल यादव,मन्नु राठौर, जनपद पंचायत पाली सीईओ मोहनिश आनंद देवांगन, बीईओ पाली सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# मुकुटधर संगीत प्रकोष्ठ द्वारा विवाह विशेष गीत संगीत समारोह का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पंडित मुकुटधर पांडे साहित्य भवन में मुकुटधर संगीत प्रकोष्ठ के सौजन्य से विवाह विशेष गीत गायन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभापति नूतन सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के संरक्षक जनाब युनूस दानियालपुरी ने की। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. के.के. चंद्रा, हेमंत कुमार महुलीकर, जे.पी. दत्ता, पी.के. कौशिक, डॉ. गिरीश केसकर आदि शामिल रहे। कार्यक्रम का संयोजन अर्चना साहू ने किया। मां सरस्वती की प्रतिमा पर पूजा-अर्चन और वंदना के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ।

मुख्य अतिथि नूतन सिंह ठाकुर, संरक्षक युनूस दानियालपुरी तथा डॉ. के.के. चंद्रा ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों से मनोबल बढ़ता है, सामाजिक वातावरण सुदृढ़ होता है और कला की नई ऊर्जा जन्म लेती है। समारोह में विवाह-विशेष गीतों की सुमधुर प्रस्तुतियाँ दी गईं। गीत प्रस्तुत करने वाले गायकों में अर्चना साहू, भरत साहू, सूरज दास महंत, गौरी महंत, हरजीत सिंह राजपाल, भारती चौरसिया, आलोक शर्मा, घनश्याम श्रीवास, अपूर्वा सिंह, डॉ. कृष्ण कुमार चंद्र, हेमंत महुलीकर, घासीराम साहू, कर्मेंद्र सिंह, जीतेंद्र कुमार वर्मा, खैरझिटिया, शिप्रा तिवारी, धरम साहू, शिवकुमार साहू, केसरी देवांगन, पी.के. कौशिक, गिरीश केसकर, देवनारायण राठौर, झुमरू, जे.पी. दत्ता आदि प्रमुख रहे। सभी ने बॉलीवुड के विवाह-विशेष गीतों को अपनी मधुर आवाज़ में प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सैंडी डांस एकेडमी की नन्हीं बच्चियों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीत लिया। मुकुटधर साहित्य समिति व नपानि कोरबा के सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने बच्चों को सम्मान राशि प्रदान की तथा संगीत प्रकोष्ठ द्वारा बच्चों को मोमेंटो देकर शुभकामनाएँ दी गईं। कार्यक्रम का संचालन जीतेंद्र कुमार वर्मा खैरझिटिया ने किया। अंत में भरत साहू ने पधारे सभी अतिथियों एवं श्रोताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# गिधौरी सुशासन तिहार में 43 हितग्राही मौके पर हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु ग्राम पंचायत गिधौरी में सुशासन तिहार का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण शिविर में करतला जनपद पंचायत क्षेत्र के कुल 14 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया, जिनमें गिधौरी, तुमान, औराई, चिकनीपाली, दादरकला, ढोंढातराई, फत्तेगंज, गाड़ापाली, जुनवानी, लबेद, लीमडीह, पकरिया, पठियापाली एवं सुपातराई शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान कुल 627 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 43 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत करतला की अध्यक्ष श्रीमती अशोका बाई कंवर उपस्थित रहीं। उनके साथ उपाध्यक्ष मनोज कुमार झा और जनपद सदस्यगण बेदराम चन्द्राकर, श्रीमती नीता यादव, श्रीमती देवी बाई राजवाड़े एवं विश्राम सिंह भी सम्मिलित हुए। स्थानीय सरपंच श्रीमती विज्ञानी कंवर सहित क्लस्टर के अन्य सरपंचों ने भी इस आयोजन में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। शिविर में विभिन्न विभागों की योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों को सीधे लाभान्वित किया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत उत्कृष्ट आवास निर्माण हेतु श्रीमती संतोषी बाई कंवर, श्रीमती राधिका वैष्णव, संजीव राजीव कुमार एवं प्यारेलाल साहू को सांकेतिक चाबियाँ सौंपी गई। समाज कल्याण विभाग द्वारा श्री भगत राम को बैसाखी और रतिराम को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। कृषि विभाग की शाकंभरी योजना के तहत दीनदयाल यादव को विद्युत पंप और मत्स्य विभाग द्वारा सुक्रांति बाई को आइस बॉक्स का वितरण किया गया। साथ ही, खाद्य विभाग द्वारा गायत्री कंवर, भुरी कुमारी, सुरेश कुमार और शीतल बाई सहित अन्य पात्र हितग्राहियों को नए राशन कार्ड वितरित किए गए। स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष पहल करते हुए टीबी मुक्त घोषित पंचायतों, जिनमें गाड़ापाली, लबेद, लीमडीह और पकरिया शामिल हैं, के सरपंचों को गांधी जी मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही टीबी मरीजों को पोषण सहायता के लिए फूड बॉक्स का वितरण भी किया गया। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि इस आयोजन से शासन की योजनाओं की जानकारी और पहुँच आम लोगों तक बढ़ी है, जिससे समस्याओं के निराकरण में तेजी आई है। इस अवसर पर जनपद सीईओ श्री वैभव कौशिक, अन्य अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



हितग्राहियों को पीएम आवास की चाबी सौंपते जनप्रतिनिधि।

# लायंस क्लब्स को नई ऊंचाइयां देने होगा टीमभावना के साथ प्रयास : अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

द इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायंस क्लब्स 3233सी का दो दिवसीय अधिवेशन में 500 से अधिक लायन दिग्गजों एवं सदस्यों की उपस्थिति में डिस्ट्रिक्ट के पीडिजी, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले क्लबों, लायन पदाधिकारियों का सम्मान समारोह, इंटरनेशनल डायरेक्टर एंडोर्सी एवं वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर-द्वितीय के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव के साथ सम्पन्न हो गया।

इंटरनेशनल डायरेक्टर एंडोर्सी के चुनाव में पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल विजयी अधिवेशन के दूसरे दिन इंटरनेशनल डायरेक्टर एंडोर्सी के चुनाव का परिणाम पहले घोषित किया गया, जिसमें पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल 23 मतों से एतिहासिक जीत दर्ज की। आगामी इंदौर में होने वाली मल्टीपल कांफ्रेंस में लायन डॉ. अग्रवाल अपना पक्ष रखेंगे और वहां इंटरनेशनल डायरेक्टर घोषित होंगे। उक्त मल्टीपल कांफ्रेंस में 5 डिस्ट्रिक्ट से चुनकर आए इंटरनेशनल डायरेक्टर एंडोर्सी भी भाग लेंगे, लेकिन लायन अग्रवाल के इंटरनेशनल डायरेक्टर चुने जाने की संभावना प्रबल है। लायन डॉ. अग्रवाल ने पीडिजी लायन बसंत मिश्रा को हरा कर विजयश्री हासिल की। इंटरनेशनल डायरेक्टर एंडोर्सी के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में विजयश्री हासिल करने के बाद पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल का भव्य स्वागत किया गया। लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल, नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा के स्टॉफ सहित शुभचिंतकों ने बधाई दी। इस प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से सहयोग और समर्थन देने वाले लायन सदस्यों का लायन राजकुमार अग्रवाल ने आभार जताया और मंच से कहा कि डिस्ट्रिक्ट को नई ऊंचाईयों तक ले जाने टीम भावना के साथ कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इंदौर में मल्टीपल की बैठक में डिस्ट्रिक्ट 3233सी का दमदारी के साथ पक्ष रखा जाएगा, ताकि इंटरनेशनल डायरेक्टर संचालक मंडल में डिस्ट्रिक्ट 3233सी का प्रतिनिधित्व बढ़ सके। लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल ने डिस्ट्रिक्ट 3233सी में एक इतिहास बना दिया। डिस्ट्रिक्ट में किसी लायन सदस्य को पहली बार इंटरनेशनल डायरेक्टर एंडोर्सी बनने का अवसर प्राप्त हुआ है।




कार्यक्रम में उपस्थित लायंस क्लब के पदाधिकारी एवं अन्य।

# झरिया धोबी बरेठ समाज सेवा समिति का संभागीय सम्मेलन



कार्यक्रम में उपस्थित झरिया धोबी बरेठ समाज के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गेवरा स्थित कल्याण मंडप भवन में झरिया धोबी बरेठ समाज सेवा समिति द्वारा 11वां संभागीय सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में संभाग भर से बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी, कार्यकर्ता परिवार के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं समाज की पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। सम्मेलन के दौरान समाज द्वारा किए गए सामाजिक, शैक्षणिक एवं संगठनात्मक कार्यों की गतिविधियों एवं आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

**खास बात**

- जनाराम कर्ष बने संभागीय अध्यक्ष

सम्मेलन में कोयलांचल क्षेत्र के श्रमिक नेता जनाराम कर्ष को झरिया धोबी बरेठ समाज सेवा समिति का संभागीय अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। निर्वाचन शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में जनाराम कर्ष को 84 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी रोशन लाल को 46 मत मिले। इस प्रकार जनाराम कर्ष ने 38 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। संभागीय निर्वाचन 2026 में महासचिव पद पर दीपक बरेठ तथा कोषाध्यक्ष पद पर राम सिंह कर्ष निर्वाचित हुए। वहीं उप संभागीय उपाध्यक्ष के रूप में पीयूष निर्मलकर, नारायण कर्ष, छबी लाल बरेठ, लाखा राम कर्ष एवं गिरधारी लाल बरेठ को जिम्मेदारी सौंपी गई। उप संभागीय संयुक्त सचिव पद पर धर्मेंद्र बरेठ, बोधराम कर्ष, केशव प्रसाद बरेठ, नरेश कुमार कर्ष एवं प्रेम कुमार बरेठ निर्वाचित हुए।

## बिलासपुर संभाग के उपाध्यक्ष बने गिरधारी



छत्तीसगढ़ झेरिया धोबी बरेठ समाज, बिलासपुर संभाग में गिरधारी बरेठ को उप संभाग उपाध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय गिरधारी बरेठ वर्तमान में जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा शहर के महामंत्री तथा बालको इकाई के अध्यक्ष पद पर भी कार्यरत हैं। उपाध्यक्ष गिरधारी बरेठ ने कहा कि समाज में सामाजिक समरसता, संगठन की मजबूती और समाज के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं को समाज में सम्मान एवं उच्च स्थान दिलाने तथा युवाओं को समाज की विचारधारा और सामाजिक गतिविधियों से जोड़ने की बात कही।

### बरसात में आवागमन में होती है बिजली पानी की सुविधा से जूझ रहे ग्रामीण

# पहाड़ पर बसे आमापानी गांव तक नहीं बना पहुंच मार्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

जिला प्रशासन भले ही विकास के बड़े-बड़े दावे कर रहा हो लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही तस्वीर बयां कर रही है। जिले के आकांक्षी ब्लॉक पोंडी उपरोड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत मानिकपुर का आश्रित ग्राम आमापानी आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। पहाड़ की ऊंचाई पर बसे इस गांव में लगभग 120 परिवार निवास करते हैं, लेकिन 21वीं सदी में भी यहां के ग्रामीण सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

गांव तक पहुंचने के लिए आज भी कोई पक्की सड़क नहीं है। ग्रामीण उबड़-खाबड़ और जंगल के रास्तों से होकर आवाजाही करने को मजबूर हैं। बरसात के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जब गांव का संपर्क पूरी तरह कट जाता है। सबसे गंभीर समस्या पेयजल की है। आज भी लोग प्राकृतिक श्रोत के भरोसे है गांव में आज तक एक भी बोरवेल नहीं खोदा गया है, जिसके कारण ग्रामीणों को लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर ढोंडी से पानी लाना पड़ता है। भीषण गर्मी के दिनों में यह समस्या ग्रामीणों के लिए किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं रहती। बिजली व्यवस्था की बात करें तो गांव में आज तक स्थायी बिजली कनेक्शन नहीं पहुंच पाया है। कुछ घरों में लगाए गए सोलर प्लेट के सहारे गांव में थोड़ी बहुत रोशनी जरूर होती है, लेकिन वह भी कब तक चलेगी इसकी कोई गारंटी नहीं है। बिजली के अभाव में बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है और ग्रामीणों का जीवन अंधेरे में गुजर रहा है। शिक्षा और बच्चों के भविष्य को लेकर भी हालात चिंताजनक हैं। गांव में न तो स्कूल है और न ही आंगनबाड़ी केंद्र। छोटे बच्चों को शिक्षा के लिए दूसरे गांव जाना पड़ता है, जिससे कई बच्चे पढ़ाई से दूर हो रहे हैं। महिलाओं और बच्चों को मिलने वाली सरकारी योजनाओं का लाभ भी यहां तक सही तरीके से नहीं पहुंच पा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि जनप्रतिनिधि केवल चुनाव के समय गांव पहुंचते हैं और बड़े-बड़े वादे कर पांच साल तक गांव की सुध नहीं लेते। स्थानीय सरपंच, जनपद प्रतिनिधि और क्षेत्रीय विधायक पर ग्रामीणों ने उपेक्षा का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को समस्याओं से अवगत कराया गया, लेकिन आज तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि गांव में जल्द से जल्द सड़क, बिजली, पेयजल, स्कूल और आंगनबाड़ी जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं ताकि आमपानी गांव भी विकास की मुख्यधारा से जुड़ सके। अब देखने वाली बात होगी कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कब तक ध्यान देता है या फिर आमपानी के ग्रामीण यूं ही बदहाल जिंदगी जीने को मजबूर रहेंगे।



ढोढ़ी से पानी निकालती ग्रामीण महिलाएं।

## खबर संक्षेप



### ढ़ेलवाडीह में मातृशक्ति के अवसर पर समारोह सम्मान का हुआ आयोजन

**कोरबा।** जागृति क्लब एसईसीएल ढ़ेलवाडीह द्वारा मातृशक्ति के पावन अवसर पर समारोह सम्मान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना, दीप प्रज्वलन एवं मंगल वंदना के साथ शुरू हुआ। समारोह में मातृत्व की महिमा नारी सम्मान एवं भारतीय संस्कृति में मां के सर्वोच्च स्थान को अत्यंत मार्मिक एवं साहित्यिक शब्दों में अभिव्यक्त किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित माताओं का गुलदस्ता श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर आत्मीय सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान वृद्धाश्रम में मां क्यों? के सवाल ने सभी को भावुक कर दिया, इसके लिए जवाबदार कौन है? इस सवाल पर अक्सर सब मौन हो जाते हैं आखिर क्यों? जिसने उंगली पड़कर चलना सिखाया आज वही मां अपने ही घर में पराया क्यों महसूस कर रही है? वक्ताओं ने बड़े ही मार्मिक शब्दों में कहा कि समस्या केवल वृद्धाश्रम की नहीं है ,बल्कि धीरे-धीरे खत्म होती संवेदनाओं की है। जिस दिन घरों में फिर से अपनापन समय और सम्मान लौट आएगा उस दिन किसी मां की आंखों में उपेक्षा और अकेलापन का आंसू नहीं होगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती सोनिया खूंटे, कौशिल्या कंवर, मीना शर्मा, कोरल वर्मा एवं सुचित्रा मानिकपुरी उपस्थित रही। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पंडित मुकुटधर पांडेय साहित्य भवन समिति की वरिष्ठ कवित्रियों में श्रीमती कविता जैन, किरण सोनी,निर्मला ब्राह्मणी, रसीदा बानो एवं अनुसुईया श्रीवास, श्रीमती गीतांजलि तिवारी, निशा पांडेय, ज्योति दीवान, रजनी राठौर, रीता कंवर, बिंदा सिंह, नीलिमा साहू, वंदना सोनी, जय श्री दीप, लता चतुर्वेदी, संतोषी साहू, प्रीति गुप्ता ,अंजू जायसवाल, प्रीति महंत, परवीन विंध्यराज, मिताली मेहता,सरिता विंध्यराज, नमीता गुप्ता, बसंती जाय, और लक्ष्मी सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### बतौली क्षेत्र के पेट्रोल पंप में डीजल की शॉर्टेज, भटक रहे लोग

अम्बिकापुर। बतौली क्षेत्र स्थित पेट्रोल पंप में डीजल की कमी से वाहन स्वामियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वाहन स्वामियों को डीजल डलवाने पेट्रोल पंप के चक्कर काटना पड़ रहा है जहां डीजल ड्राई होने से वाहन चलाना दूभर हो जा रहा है ।बतौली क्षेत्र में तीन पेट्रोल पंप है जहां डीजल की कमी से लोग वाहन लेकर पेट्रोल पंप का चक्कर काट रहे है। खाड़ी देशों के युद्ध का सीधा असर अब छत्तीसगढ़ के ग्रामीण इलाकों में देखने को मिल रही है। जहां कभी पेट्रोल तो कभी डीजल की कमी ने वाहन स्वामियों की चिंता बढ़ा दी है। शादी विवाह, ठेकेदारों का निर्माण कार्य, शासकीय कार्यालयों में चल रहे वाहन ,खेती किसानी कर रहे ट्रैक्टर ,बड़े बड़े जेसीबी मशीन डीजल की कमी से इन पर सीधा असर पड़ रहा है। बतौली क्षेत्र के मंगारी राष्ट्रीय राजमार्ग 43 में स्थित पेट्रोल पंप में डीजल ड्राई हो गया है जिससे आवागमन कर रहे लोग डीजल के लिए तरसते नजर आए। बासेन स्थित पेट्रोल पंप में डीजल सीमित मात्रा में सबका ध्यान रखते हुए दिया जा रहा है जिससे लंबा सफर पर जा रहे वाहन सवार डीजल अधिक मात्रा में लेने के लिए निवेदन करते नजर आए।

## पृष्ठ 1 का शेष

### सीतामणी से उरगा...

30 करोड़ की राशि से रिस्दा चौकी से रिस्दी चौक तक टू लेन सड़क का निर्माण होगा। इसी कड़ी में शहर के सीतामणी क्षेत्र से उरगा तक फोरलेन सड़क निर्माण की कार्ययोजना पूर्व में तैयार की गई थी किंतु फंड की और प्रस्ताव की स्वीकृति शासन स्तर से नहीं मिलने के कारण इस दिशा पर काम नहीं हो सका था। अब डीएमएफ से 197 करोड़ की राशि सीतामणी से उरगा तक बनने वाली फोरलेन सड़क के लिए स्वीकृत की गई है। अब तक यह सड़क टू लेन है और पिछले कुछ वर्षों से चांपा से शहर की ओर आने वाले छोटे बड़े वाहनों का दबाव लगातार बढ़ा है। इसके साथ ही सड़क में स्ट्रीट लाईट की सुविधा नहीं होने का परिणाम भी शहर में हादसों के रुप में देखा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी सड़क की चौडीकरण के लिए पूर्व में भी मांग की थी। अब जाकर डीएमएफ से राशि मिलने के बाद उनकी यह मांग पूरी होने जा रही है।

### तीर्थयात्रियों का दल...

रहे श्रद्धालुजनों को यात्रा पर रवाना करने का पवित्र अवसर आज पुनः प्राप्त हुआ है, उन्होने कामना करते हुए कहा कि ईश्वर उनकी यात्रा को मंगलमय करें तथा श्रद्धालुजन रामलला के चरणों का दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करें। इस अवसर पर तीर्थयात्रियों ने श्रीरामलला दर्शन योजना की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए राज्य सरकार के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। इस मौके पर एम.आई.सी.सदस्य ममता यादव, अजय गोंड़, फिरतराम साहू, पार्षद प्रीति दिनेश शर्मा, प्रताप सिंह कंवर, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सदस्य रामलला प्रकाश अग्रवाल, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, पूर्व पार्षद पालूराम साहू, रितु अग्रवाल, अरविंद सिंह, संतोष यादव, संजय कुमार भास्कर, विकास टंडन आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

### बुधवारी बाजार सड़क चौड़ीकरण के बाद भी लग रहा जाम

# पार्किंग स्थल बना वेंडिंग जोन, सड़क के दोनों ओर खड़े हो रहे वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बुधवारी बाजार में लगने वाले वाहनों के जाम से निजात के लिए शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के पीछे बनाए गए पार्किंग स्थल पर रेलिंग जोन का निर्माण किया गया है और अब वहां भी लोग वाहन खड़ा करने के बजाए बुधवारी बाजार मुख्य मार्ग के दोनों ओर वाहन खड़े किए जा रहे हैं। बाजार आने वाले लोग डिवाईडर में भी अपने दो पहिया वाहन खड़े कर रहे हैं। निगम के द्वारा सड़क के चौड़ी करण किए जाने के बाद भी बाजार के दिन जाम से मुक्ति नहीं मिल रही है।

**खास बात**

- डिवाइडर में भी लोग खड़ा कर रहे दो पहिया वाहन

बुधवारी बाजार के आसपास के क्षेत्र से बेजा कब्जा हटाने के बाद बाउंड्रीवाल कर सड़क किनारे लगने वाले फल व्यवसायियों के दुकानों को बाजार अंदर शिफ्ट कर दिया गया है ताकि सड़क का चौड़ीकरण कर बाजार के दिन वाहनों के लगने वाले जाम की समस्या से शहरवासियों को राहत दी जा सके। नगर निगम को अपने इस काम पर कुछ समय तक तो सफलता मिली लेकिन उसके बाद फिर वही स्थिति निर्मित हो गई। इसके पूर्व नगर निगम ने बुधवारी शापिंग कॉम्प्लेक्स के पीछे छात्रावास के सामने खड़ी पड़ी जमीन में पार्किंग स्थल तैयार किया था ताकि बाजार आने वाले वाहन उक्त पार्किंग स्थल पर खड़ी किया जा सके। यातायात विभाग ने इसके लिए वाहनों के खिलाफ कार्यवाही भी की थी उसके बावजूद स्थिति नहीं सुधरी और अब उक्त खाली पड़ी जमीन पर नगर निगम ने वेंडिंग जोन का निर्माण कर दिया गया है। एक बड़े क्षेत्र में वेंडिंग जोन निर्माण होने से अब वाहनों की पार्किंग की भी सस्या खड़ी हो रही है। हालांकि कुछ वाहन अभी भी खड़े किए जा रहे हैं लेकिन बुधवार के दिन अधिकांश दो पहिया और चार पहिया वाहन मुख्यमार्ग पर खड़े हो रहे हैं। यहां तक के लोग पुलिस कार्यवाही से बचने के लिए सड़क पर बने डिवाईडर पर ही अपने दो पहिया वाहन खड़े कर रहे हैं। वाहनों के खड़े रहने से जैन मंदिरचौक से लेकर मेला ग्राउंड तक तथा वीआईपी रोड में वाहनों का जाम लगने लगा है।



बुधवारी बाजार जहां लोगों ने डिवाईडर पर खड़ी की अपनी दो पहिया वाहन।



पार्किंग में ना खड़ा कर मुख्यमार्ग पर ही अपने वाहनों को किया है खड़ी।

#### शाम होते ही ठेले गुमटियों का कब्जा

बाजार के दिन बुधवार को शाम होते ही सड़क के चौड़े हिस्से में ठेले गुमटियों का कब्जा हो जाता है। इससे वाहन पुराने स्थिति में ही सड़क पर ही खड़े किए जा रहे हैं। इससे बुधवारी सड़क के चौड़ी करण किए जाने का जो लाभ पार्किंग के लिए बाजार आने वाले वाहन मालिकों को मिलना चाहिए था वह नहीं मिल रहा है। मजबूरी में वाहन मालिक ठेले गुमटियों के दुकानों में ही अपने वाहन खड़ा कर बाजार करने चले जाते हैं।

#### फुट ओवर ब्रिज किसी काम की नहीं

बुधवारी बाजार आने वाले ग्राहकों के लिए छात्रावास के सामने पार्किंग स्थल तैयार किया गया था। उसी पार्किंग स्थल से एक फुट ओवर ब्रिज का भी निर्माण नगर निगम के द्वारा किया गया था। उक्त ब्रिज का दूसरा छोर बुधवारी बाजार स्थल पर ही उतरता है। इसके पीछे निगम का उद्देश्य बाजार आने वाले ग्राहकों को पार्किंग स्थल पर वाहन खड़ा कर फुट ओवर ब्रिज से सीधे बाजार तक आने के लिए सुविधा दी गई थी। किंतु यह फुट ओवर ब्रिज अभी भी किसी काम का नहीं हुआ।

# डीपीएस बालको के मेहुल ने कामर्स में 96.6, इंडस के क्षितिज ने कला में 95.8 डीएव्ही कोरबा के मयंक ने विज्ञान में 96.20 प्रतिशत अंक किए अर्जित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सीबीएसई बोर्ड के 12वीं का परीक्षा परिणाम लंबी प्रतिक्षा के बाद बुधवार को घोषित किया गया। जिले में संचालित सीबीएसई बोर्ड के स्कूलों के परीक्षा परिणामों में बालको डीपीएस के मेहुल गुप्ता ने 96.6, इंडस के क्षितिज ने कला में 95.8, डीएव्ही कोरबा के मयंक ने विज्ञान में 96.20 प्रतिशत एवं सेंट जेवियर्स की मानसी तिवारी ने कला संकाय में 95.8, न्यू ऐरा की इशिता मनवानी ने कामर्स संकाय में 96.2 प्रतिशत अंक की अर्जित किये हैं।

**खास बात**

- सीबीएसई 12वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित

#### इंडस में क्षितिज थाडवानी कला संकाय में बने टॉपर



दीपका स्थित इंडस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने पुनः साबित कर दिया कि परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता, विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने हर साल की तरह इस साल भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और साबित कर दिया कि इस क्षेत्र में यदि एकेडमिक में बेस्ट रिजल्ट कोई विद्यालय दे सकता है तो वह है इंडस पब्लिक स्कूल दीपका की शैक्षणिक सत्र (2025- 26) के सीबीएसई 12 वीं बोर्ड की परीक्षा में इंडस पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शत - प्रतिशत रहा। विद्यालय के होनहार छात्र क्षितिज थाडवानी ने कला संकाय से 95.8 प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे कोरबा जिला में टॉप किया एवं कला संकाय सहित विद्यालय में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। मेराज अनसारी (वाणिज्य संकाय) ने 95 प्रतिशत अंक अर्जित कर वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, इसी प्रकार नीलिमा राठौर (वाणिज्य संकाय) 93.2 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय एवं 92 प्रतिशत अंकों के साथ आदित्य श्रीवास्तव(वाणिज्य संकाय) तृतीय स्थान पर रहे। 90.6 प्रतिशत अंकोंके साथ शुभम कुमार स्वाइन (वाणिज्य संकाय ) चतुर्थ एवं समृद्धि सिंह (वाणिज्य संकाय ) 90 प्रतिशत अंकों के साथ पंचम स्थान पर रहीं। प्रियांशु यादव (विज्ञान संकाय) ने 90 प्रतिशत अंकों के साथ पंचम स्थान अर्जित किया एवं श्रावणी राव (कला संकाय) ने 85.6 प्रतिशत अंक के साथ षष्ठम स्थान हासिल किया। इसी प्रकार प्राची अग्रवाल (कला संकाय ) ने 85.2 प्रतिशत अंकों के साथ सप्तम; प्रियांशी यादव (विज्ञान संकाय ) 84.4 प्रतिशत अंकों के साथ अष्टम एवं चांदनी खातून (विज्ञान संकाय) ने 80 प्रतिशत अंकों के साथ पूरे विद्यालय में नावां स्थान प्राप्त किया।

#### डीएव्ही का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत



डीएव्ही पब्लिक स्कूल एसईसीएल कोरबा की कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के कक्षा 12वीं सीबीएसई की परीक्षा में कुल पांच विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विज्ञान संकाय से मयंक बघेल-96.20 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, सौम्या जैन-94.40 अंकों के साथ द्वितीय तथा ओम दीक्षित-91.40 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय तथा यादित्य कुमार-90.80 प्रतिशत के साथ चौथे स्थान पर रहे। वहीं वाणिज्य संकाय से संजना गोस्वामी-90.60 प्रतिशत अंकों के साथ सर्वाधिक अंक प्राप्त किया। इस तरह कक्षा 12वीं में विद्यालय का 75.29 प्रतिशत परिणाम रहा। विद्यार्थियों के इस उपलब्धि पर प्राचार्या श्रीमती डॉक्टर चेतना शर्मा ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा- अनुशासन, नियमित अध्ययन एवं सकारात्मक मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

#### सेंट विन्सेंट पलोटी स्कूल में 12 वीं का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम



सेंट विन्सेंट पलोटी स्कूल, रवि शंकर शुक्ल नगर से कक्षा 12 वीं के सीबीएसई परीक्षा में सम्मिलित 94 छात्र-छात्राओं ने इस वर्ष भी उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लाकर विद्यालय को गौरवानित किया। विज्ञान संकाय से भाग्यश्री गिरी ने 89.40 प्रतिशत लाकर प्रथम स्थान, नसरीन परवीन ने 87 प्रतिशत प्राप्त द्वितीय स्थान एवं आर्या नायक ने 77.60 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया । गणित संकाय से कंचन श्रीवास्तव ने 83.60 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान, आकांक्षा विश्वकर्मा ने 82 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं सौम्या लकड़ा ने 79.20 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। वाणिज्य संकाय से माही अग्रवाल ने 86.40 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान, हर्षवर्धन सिंह ने 81.80 प्रतिशत लाकर द्वितीय स्थान एवं रितिका श्रीवास ने 80.40 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल की। सेंट विन्सेंट पलोटी विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षक-शिक्षिकाओ ने सभी उतीर्ण छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की ।

#### न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल का शानदार परीक्षा परिणाम



न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस वर्ष विद्यालय में कामर्स संकाय में इशिता मनवानी 96.2 प्रतिशत, संभव मलानी 94.8 प्रतिशत एवं विज्ञान संकाय में माया सोनी ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में अव्वल स्थान प्राप्त किया, जोकि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का प्रतीक है। कामर्स एवं विज्ञान संकाय से 5-5 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। जबकि 31 छात्र-छात्राओं ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय के चेयरमैन किशोर कुमार साहू ने सभी विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। निदेशक श्री दिलीप कुमार साहू ने कहा कि यह सफलता निरंतर प्रयास, अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है। प्राचार्य डी एस राव ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण और समर्पित शिक्षकों का प्रतिफल है। उप-प्राचार्य कीर्ति हरित ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त की और उन्हें आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्टता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

#### सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल की मानसी रही अव्वल



सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल के 5 विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम कोरबा शहर में गौरवान्वित किया, जो संस्था के उच्च शैक्षणिक स्तर को दर्शाता है। इस वर्ष कक्षा 12वीं की छात्रा मानसी तिवारी ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही अन्य मेधावी विद्यार्थियों में आर्यन सिंह 92.4 प्रतिशत, रिद्धि पटेल 90.0 प्रतिशत, आयुषी साहू 89.60 प्रतिशत, आदित्य कुमार 89.40 प्रतिशत ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। आर्यन सिंह ने जियोग्राफी विषय में पूरे 100 अंक प्राप्त किया। कक्षा 12 वीं में विज्ञान संकाय, वाणिज्य संकाय एवं कला संकाय में कुल 110 छात्रों ने परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिसमें 5 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया, 35 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया, 41 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया एवं अन्य 29 विद्यार्थियों ने 50-70 प्रतिशत अंक प्राप्त किया।

#### जैन पब्लिक स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन





जैन पब्लिक स्कूल ने कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम दर्ज करते हुए एक बार फिर अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता को सिद्ध किया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न संकायों में शानदार प्रदर्शन कर स्कूल एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों के परिणाम क्रम अनुसार इस प्रकार हैं प्राची दुबे (कॉमर्स) ने 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, मुस्कान कौशिक (विज्ञान) ने 89.2 प्रतिशत, प्राप्ति दुबे (कॉमर्स) ने 88.4%, अंकिता साहू (विज्ञान) ने 84 प्रतिशत, निधि गुप्ता (आट्र्स) ने 84 प्रतिशत, प्राची अग्रवाल (कॉमर्स) ने 84 प्रतिशत, डिप्टी सोनी (विज्ञान) ने 83 प्रतिशत, रुजदा इमाम (विज्ञान) ने 82.4 प्रतिशत, मयुख मुखर्जी (कॉमर्स) ने 82 प्रतिशत, ने 80.2 प्रतिशत तथा कबेरी कर (विज्ञान) ने 80 प्रतिशत, गुनगुन अग्रवाल (विज्ञान) ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

#### डीपीएस बालको में कॉमर्स में मेहुल, विज्ञान में हर्ष ने अर्जित किए सर्वाधिक अंक



सीबीएसई बोर्ड की 12वीं परीक्षा परिणाम में वाणिज्य संकाय में मेहुल गुप्ता ने सर्वाधिक 96.6 प्रतिशत एवं विज्ञान संकाय में हर्ष कुमार श्रीवास ने 92 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं। स्कूल के 15 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए। वहीं 16 छात्रों ने 100 में 100 अंक प्राप्त किए। घोषित परीक्षा परिणाम में कॉमर्स में ही जैश जायसवाल ने 96.4 प्रतिशत, मीनल जैन ने 94.4 प्रतिशत, रौनक अग्रवाल ने 94.2 प्रतिशत, दीक्षा मित्तल ने 93.8 प्रतिशत अर्जित किए। इसी तरह विज्ञान संकाय में सिरिन सुमन सिंह ने 91.8 प्रतिशत, आदित्य यादव ने 91.6 प्रतिशत, अनुभूति सिन्हा ने 91.6 प्रतिशत एवं प्राची शर्मा ने 91.6 प्रतिशत अंक अर्जित किए।

### उमस भरी गर्मी के बीच बूंदाबांदी से राहत की उम्मीद



**कोरबा।** औद्योगिक नगरी कोरबा में मौसम के मिजाज ने लोगों को बेहाल कर रखा है। पिछले कुछ दिनों से जारी उमस भरी गर्मी से शहरवासी हलाकान हैं। हालांकि बुधवार की दोपहर बाद आसमान में बादलों की आवाजाही रही और हल्की बूंदाबांदी भी हुई लेकिन इस बौछार ने राहत देने के बजाय लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। कड़ी धूप के बाद हुई हल्की बूंदाबांदी के कारण जमीन से निकलने वाली भाप ने वातावरण में नमी का स्तर बढ़ा दिया है। इससे पसीने और चिपचिपाहट वाली गर्मी ने लोगों को पस्त कर दिया है। कूलर और पंखे भी इस उमस के सामने बेअसर साबित हो रहे हैं, जिससे लोग घरों और दफ्तरों में पसीने से तर-बतर नजर आ रहे हैं। भीषण उमस और गर्मी का असर शहर के जनजीवन पर भी पड़ रहा है। दोपहर के समय सड़कों पर आवाजाही कम देखी जा रही है। लोग गर्मी से बचने के लिए ठंडे पेय पदार्थों और गन्ने के रस का सहारा ले रहे हैं। जानकारों की मानें तो जब तक गरज-चमक के साथ अच्छी बारिश नहीं होती, तब तक इस चिपचिपी गर्मी से निजात मिलने की संभावना कम है। आने वाले 24 घंटों में स्थानीय स्तर पर बादलों के बनने से कहीं-कहीं बारिश हो सकती है, जिससे तापमान में गिरावट आने की उम्मीद है।

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. ............
श्रेणी-ब-121 वर्ष-2025-26
प.ह.नं.-17 ग्राम रामपुर

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रकाश थंकाचन पिता स्व. जार्ज थंकाचन, निवासी-म.क्र. 1044 कुआंभट्टा टी.पी. नगर कोरबा, तहसील व जिला-कोरबा छ०ग० द्वारा ग्राम रामपुर प०ह०नं0-17 तहसील कोरबा अवस्थित भूमि ख.नं. 203/2 स्थित है, जिसमें निर्मित भूखण्ड/भवन दीनदयाल आवास क्रमांक एल.आई.जी.-12/C, क्षेत्रफल 44.33 वर्गमीटर को छ.ग. गृह निर्माण मंडल कोरबा से पंजीकृत हस्तांतरण विलेख दिनांक 05/02/2029 के माध्यम से उक्त भूखण्ड भवन को आवेदक अपने नाम पर राजस्व अभिलेखों के कैफियत कॉलम में दर्ज किये जाने बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 29.05.2026 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 11.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**कोरबा (छ.ग.)**

# बालको नगर रिंग रोड का ढेंगुर नाला पुल जर्जर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको नगर रिंग रोड स्थित ढेंगुरनाला पुल की जर्जर स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ती जा रही है। पुल की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि यहां से गुजरना अब जान जोखिम में डालने जैसा हो गया है। बावजूद इसके रोजाना हजारों भारी वाहन और आम नागरिक इसी मार्ग का उपयोग करने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार पुल की सतह कई जगहों से टूट चुकी है, किनारे धंस गए हैं और बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। भारी वाहनों के गुजरने के दौरान पुल में कंपन महसूस होता है, जिससे कभी भी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। धूल-धक्कड़ और खराब सड़क के कारण राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि प्रशासन और संबंधित विभाग को कई बार पुल की खराब स्थिति से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक मरम्मत या पुनर्निर्माण को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इससे स्थानीय नागरिकों में नाराजगी बढ़ रही है जानकारी के मुताबिक 20 मई को बालको नगर में सुशासन त्योहार शिविर का आयोजन प्रस्तावित है। ऐसे में स्थानीय लोगों ने प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और जिम्मेदार अधिकारियों से अपील की है कि वे इसी मार्ग से होकर शिविर स्थल तक पहुंचे, ताकि पुल की वास्तविक स्थिति को करीब से समझ सकें। ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते पुल की मरम्मत नहीं कराई गई तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने प्रशासन से तत्काल पुल के मरम्मत और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

### वनकर्मियों ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध प्रदर्शन



**कोरबा।** छग वन कर्मचारी संघ संभाग बिलासपुर के आह्वान पर बिलासपुर संभाग के समस्त वन मंडलों में समस्त वन कर्मचारियों द्वारा चरणबद्ध आंदोलन के पहले चरण पर काली पट्टी लगाकर अपना सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किसी शासकीय कार्य को प्रभावित किये बिना किया गया। संभाग के समस्त कर्मचारियों में रोज व्याप्त है कि बिलासपुर संभाग के प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों के निवेदन और समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। संगठन के सभी निवेदन को अनदेखा किया जा रहा है। चरणबद्ध आंदोलन का द्वितीय चरण 18 मई को मुख्य वन संरक्षक बिलासपुर के कार्यालय के समक्ष भोजन अवकाश पर सांकेतिक धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम रखा गया है।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### चूलेश्वर बने जवाली मंडल के प्रभारी



**हरदीबाजार।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय की सहमति से तथा बिलासपुर संभाग संगठन प्रभारी जगदीश रामू रोहरा सह प्रभारी अभिषेक शुक्ला, जिला प्रभारी अनिल केशरवानी, सह प्रभारी बृजेन्द्र शुक्ला के अनुमोदन से एवं भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी के अनुशंसा पर भारतीय जनता पार्टी जिला कोरबा के मण्डल प्रभारी/सह प्रभारी की घोषणा की गई। भारतीय जनता पार्टी कोरबा के जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी के द्वारा किसान नेता व भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदेश सहसंयोजक किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ चुलेश्वर राठौर को भारतीय जनता पार्टी जवाली मंडल के प्रभारी बनाए जाने पर बधाई दी है।

### सिद्धि विनायक हॉस्पिटल में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय नर्सेस डे



**कोरबा।** अंतरराष्ट्रीय नर्सेस डे के अवसर पर सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एवं सिद्धि विनायक पैरामेडिकल कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अस्पताल की नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ तथा डी.एम.एल.टी. एवं ऑपरेशन थिएटर टेक्नीशियन के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संस्थान के निदेशक डॉ. शतदल नाथ ने अपने संबोधन में आधुनिक नर्सिंग की जननी फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जीवन, संघर्ष, सेवा भावना एवं मानवता के प्रति उनके समर्पण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सर्वोच्च सेवा है। डॉ. नाथ के नेतृत्व में उपस्थित सभी नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने नाइटिंगेल शपथ ग्रहण की। शपथ का सार यह रहा कि प्रत्येक स्वास्थ्यकर्मी अपना जीवन मानव सेवा के लिए समर्पित रखेगा, रोगियों की सेवा पूर्ण निष्ठा, प्रेम, करुणा, धैर्य और सहानुभूति के साथ करेगा, किसी भी प्रकार की हानिकारक अथवा अनैतिक गतिविधि से दूर रहेगा, अपने ज्ञान एवं कौशल को निरंतर विकसित करते हुए चिकित्सा और नर्सिंग के उच्चतम मानकों का पालन करेगा, रोगियों, उनके परिवार तथा अस्पताल से संबंधित सभी गोपनीय जानकारियों को पूर्णतः सुरक्षित रखेगा।

### बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र के सुराकछार से पसान के बीच बिछाई जा रही थी रेल पांत

# रेलवे ट्रैक से 42 लाख के बिजली पोल की चोरी करने वाले दो आरोपी भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

सुराकछार बांकीमोंगरा से पसान के बीच बिछाए जाने वाले रेल पांत में लगभग 42 लख रुपए कीमती विद्युत पोल की अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली थी। इस मामले में प्रबंधन ने पुलिस से शिकायत की थी। जिस पर अज्ञात कबाड़ चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस की टीम मामले की तहकीकात में जुटी हुई थी। मामले में पुलिस ने महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए दो शातिर बदमाशों को धरदबोचा है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से लाखों रुपए कीमती कटी हुई लोहे की पोल जब्त की गई है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त गैस सिलेंडर व कटर।

उल्लेखनीय है कि बांकीमोगरा थाना क्षेत्रांतर्गत सेंट्रल लाइन सुराकछार बांकीमोंगरा से पसान के बीच रेल लाइन बिछाने का काम चल रहा था। इस दौरान अज्ञात चोरों ने कुछ माह पहले ही सुराकछार से बांकीमोगरा और पसान के बीच लगे 102 नग विद्युत पोल काटकर चोरी कर ली गई थी। इस मामले में कटघोरा निवासी अनीष कुमार सिंह की लिखित शिकायत पर बांकीमोंगरा पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने मामला सामने आते ही आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस की विशेष टीम लगाई गई थी।

#### पड़ोसी जिले जांजगीर से जप्त किया गया है विद्युत पोल

बांकीमोंगरा थाना प्रभारी चमन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कबाड़ चोर का सरगना धरम सिंह राजपूत और राजा खान उर्फ फिरोज खान ने अपने साथियों के साथ मिलकर रेल पांत के लिए बिछाया गया विद्युत पोल की चोरी की थी, जिसकी कुल कीमत लगभग 42 लाख रुपए है। विद्युत पोल को चोरी करने के बाद आरोपियों ने उसे खपाने के लिए पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा ले जा रहे थे। इस दौरान उन्होंने स्थानीय कबाड़ी से संपर्क किया तो, कबाड़ी ने विद्युत पोल को लेने से मना कर दिया तो उन्होंने चोरी किए गए विद्युत पोल को अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम अमरतास के नहर के पास डंप कर दिया था, ताकि पुलिस के चंगुल से बच सके। जिसे लावारिस हालत में अकलतरा पुलिस ने बरामद किया था। इसके बाद कोरबा पुलिस को जब पता चला तो बांकीमोंगरा पुलिस ने अकलतरा थाना जाकर उक्त बरामद किए गए 140 नग लोहे के टुकड़े विद्युत पोल को बरामद कर जप्त कर लिया था। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई थी और आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है।

साथ ही बांकीमोगरा थाना प्रभारी चमन सिंह एवं उनकी टीम लगातार मामले की छानबीन में जुटी हुई थी। इस बीच पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर इमलीछापर निवासी राजा खान उर्फ फिरोज खान 30 वर्ष पिता हसन खान एवं पंखा दफाई निवासी धरम सिंह राजपूत 38 वर्ष पिता मंगल सिंह राजपूत को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिन्होंने रेलवे पांत में बिछाए जाने वाले 102 नग विद्युत पोल को काटकर चोरी की थी। पुलिस ने मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। जबकि इस मामले में फरार चल रहे के आरोपी अशोक चौहान की सरगर्मी से खोजबीन की जा रही थी। बांकीमोंगरा थाना प्रभारी चमन सिंह ने बताया कि इस गिरोह का सरगना धरमम सिंह राजपूत और राजा खान थे जिन्होंने अपने गिरोह के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। बताया जाता है कि धरमम सिंह राजपूत के खिलाफ जिले में चोरी, लूट जैसे दो दर्जन से अधिक मामले हैं।

## तीन अलग अलग मामलों में तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

फेस बुक के सोशल प्लेटफार्म से जानकारी मिली थी कि मोतीसागर पारा में गांजा, शराब का अवैध व्यापार हो रहा है। सूचना के आधार पर कोतवाली पुलिस ने टीम बनाकर मोतीसागरपारा में दबिश दी थी। दबिश के दौरान ताराबाई नामक एक महिला के निवास पर जांच के दौरान 1 किलो 524 ग्राम गांजा बरामद किया। महिला के खिलाफ अपराध क्रमाक 422/2026 धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की है। वहीं के निवासी गोविंदा सागर को पुलिस ने अवैध महुआ शराब करीब 8 लीटर बिक्री करते पाये जाने पर अपराध क्र 418/26 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम तहत अपराध दर्ज किया है। एक अन्य मामले में राताखार बजरंग चौक निवासी ननकीराम पटेल को अवैध रूप से 33 नग (180 एमएल वाली) देशी मदिरा शराब बिक्री करने हेतु रखना पाये जाने पर अपराध क्रमाक 421/26 धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही कर रिमाण्ड पर भेजा गया है। कोतवाली पुलिस टीम में निरीक्षक मोतीलाल पटेल सउनि रामकुमार उइके सउनि चक्रधर राठौर मप्रआर. 424 सुनिता डहरिया मआर. 902 उमा श्याम आर.क्रमाक 685 चंद्रकांत गुप्ता आर.519 आलोक पाण्डेय आर.क्र 633 प्यारे लाल भारद्वाज आर.क्र 614 तेजप्रकाश अजय की मुख्य भूमिका रही।

## व्यापारी से लूटपाट के प्रयास के मामले में तीन आरोपियों को मिली 10 साल की सजा

**कोरबा।** लगभग एक साल पूर्व गल्ला किराना के थोक व्यापारी पर कट्टा की आड़ में लूटपाट करने के मामले में तीन आरोपियों को 10 वर्ष सश्रम कारावास व अर्थदंड से दंडित किया गया है। अतिरिक्त सुनील कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि श्यांक थाना क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2025 में गल्ला किराना दुकान के थोक व्यापारी आयुब अंसारी जब अपने घर लौटने का प्रयास कर रहा था बाजार से मोटरसाइकिल में सवार तीन चार लड़के आयुब अंसारी के कनपटी पर कट्टा अड़ा कर लूटपाट करने का प्रयास किया था इस दौरान आयुब खान ने हिम्मत दिखाते हुए लुटेरों को पड़कर में सफलता हासिल किए थे जिसके बाद पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को झारखंड निवासी धनेश्वर मिंज उम्र 32 वर्ष एवं रायगढ़ निवासी रतन लकड़ा और सरगुजा निवासी अमरिकन पैकरा को गिरफ्तार मामले को द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश डॉ ममता भोजवानी के न्यायालय में पेश किया था। जहां मामले की सुनवाई के द्वारा तीनों आरोपियों के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने धनेश्वर मिंज, रतन लकड़ा और अमरिकन पैकरा को 10 वर्ष सश्रम कारावास से दंडित किया गया है।

## जटगा रेंज में विचरण कर रहा 48 हाथियों का झुंड, फसलों को पहुंचाया नुकसान

**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल अंतर्गत जटगा रेंज में हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। मेउड़ पहाड़ क्षेत्र में 48 हाथियों का बड़ा दल डेरा डाले हुए है, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। हाथियों के झुंड से अलग होकर कुछ हाथी लगातार ग्रामीण इलाकों की ओर पहुंच रहे हैं और किसानों की बाड़ी में लगी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। बीती रात भी एक दर्जन से अधिक हाथी पहाड़ से नीचे उतरकर जटगा क्षेत्र में पहुंच गए और दो ग्रामीणों की बाड़ी उजाड़ दी। हाथियों ने बाड़ी में लगी सब्जियों और अन्य फसलों को पूरी तरह तहस-नहस कर दिया। अचानक हाथियों के गांव में पहुंचने से ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। लोग पूरी रात दहशत में रहे और किसी तरह खुद को सुरक्षित रखा। घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और हाथियों द्वारा किए गए नुकसान का आंकलन शुरू किया। विभागीय अमला हाथियों की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है और ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780




